रोहतक
मंगलवार, 7 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 100
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 23.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 भारतीय रिले टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई




## तीसरे चरण में 11 करोड़ मतदाता आज करेंगे 1331 दिग्गजों के भाग्य का फैसला

**11 राज्यों की 93 सीटों पर होगा मतदान**

**अहमदाबाद में पीएम मोदी व शाह डालेंगे वोट**

### सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली(भाषा)।** देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 93 सीट के लिए मतदान होगा। तीसरे चरण में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर होगा जिसने पिछले आम चुनाव में गुजरात, कर्नाटक, बिहार और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में स्थित इन निर्वाचन क्षेत्रों में से अधिकतर पर जीत हासिल की थी। कुल 93 सीट के लिए 1331 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 120 महिलाएं हैं, जबकि पात्र मतदाताओं की संख्या 11 करोड़ से अधिक है। इन सीट पर किस्मत आजमा रहे दिग्गज नेताओं में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट) शामिल हैं।



*प्रधानमंत्री मोदी और शाह रात को ही गुजरात पहुंचेंगे। दोनों नेता गांधीनगर लोकसभा सीट के तहत अहमदाबाद शहर के बूथ पर वोट डालेंगे। तीसरे चरण के बाद लोकसभा की 543 सीट में से 283 सीट के लिए चुनाव संपन्न हो जाएगा।*

### तीन घंटे के भीतर हटाएं फर्जी सामग्री : ईसी

निर्वाचन आयोग(ईसी) ने सोमवार को राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे अपने सोशल मीडिया खातों से फर्जी सामग्री को संज्ञान में आने के तीन घंटे के भीतर हटा दें। यह निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए जारी किए गए निर्देशों का हिस्सा है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित दल के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## प्रदेश में अंतिम दिन मनोहर लाल जेपी और नैना ने भरा नामांकन

### आज होगी छंटनी, 10 लोकसभा सीटों पर 370 ने भरे पर्चे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कई दिग्गजों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए कुल 370 पर्चे दाखिल किए गए हैं। अब इनकी 7 मई को छंटनी होगी और 9 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। प्रदेश में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा और 4 जून परिणाम आएंगे। सोमवार को करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए सीएम नायब सैनी ने रोड शो निकालकर नामांकन पत्र दाखिल किया। करनाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, फरीदाबाद से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने अपना पर्चा भरा। वहीं हिसार से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश और हिसार से ही जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अंतिम दिन प्रदेश में 159 पर्चे भरे गए। इसके साथ ही आंकड़ा 370 पर पहुंच गया। वर्ष 2019 के चुनाव के मुकाबले इस बार 10 नामांकन ज्यादा हैं, पिछली बार 360 नामांकन दाखिल हुए थे।



करनाल। नामांकन दाखिल करते मनोहर लाल।



हिसार। नामांकन दाखिल करते जयप्रकाश।

## खबर संक्षेप

### जेट के संस्थापक गोयल को मिली अंतरिम जमानत

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सा आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें ईडी ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति एन.जे.जामदार की एकल पीठ ने कहा कि गोयल को एक लाख रुपये का मुचलका भरना होगा और वह अधीनस्थ अदालत की पूर्व अनुमति के बिना मुंबई से बाहर नहीं जा सकते। भाषा

### अहमदाबाद के 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को शहर के 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ईमेल मिला है, लेकिन पुलिस ने सभी विद्यालयों की तलाशी के बाद इसे फर्जी करार दिया। अहमदाबाद नगर अपराध शाखा ने एक बयान में बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस, बम रोधी दस्ता, श्वान दस्ता और अपराध शाखा की टीम इन स्कूलों में पहुंची और उनकी अच्छी तरह से तलाशी ली। भाषा

### शराब नीतिः कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई और ईडी के केस में बीआरएस नेता के कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि उन्हें राहत देने के लिए यह सही समय नहीं है। इससे पहले 23 अप्रैल की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने के. कविता और एक अन्य आरोपित चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ाई थी, जो मंगलवार को खत्म हो रही है। भाषा

### डोनाल्ड ट्रंप पर 1,000 डॉलर का जुर्माना लगा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की अदालत ने पोर्न स्टार को गुप्त रूप से पैसे देने के मामले में आदेश का उल्लंघन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 1,000 डॉलर का जुर्माना लगाया है। ट्रंप के खिलाफ मामले में सुनवाई की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश ने चेताया कि अब अगर दोबार फिर अदालत के आदेश का उल्लंघन किया गया तो पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को जेल भी भेजा जा सकता है। भाषा

**धनशोधन मामला** | **ईडी की 9 टीमों ने झारखंड में मारे छापे**

# मंत्री आलमगीर के पीएस के घरेलू सहायक के घर से 35 करोड़ जब्त

***ग्रामीण विकास विभाग में ठेके देने के बदले रिश्वत ली गई, एक गिरफ्तार हो चुका***

भाषा/एजेंसी ▶▶| रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी (पीएस) संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर, पीएस के करीबी ठेकेदार मुन्ना सिंह, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के इंजीनियर विकास कुमार और कुलदीप मिंज के घर छापेमारी की। इसके अलावा 3 और ठिकानों पर भी छापा मारा। इस दौरान ईडी को जहांगीर के घर से 35.23 करोड़ और करीबी मुन्ना के यहां 3 करोड़ से ज्यादा का कैश मिला है। ईडी की टीम ने नोट गिनने की 8 मशीनें और कैश वैन बुलाई है। बता दें कि ईडी ने पिछले साल इस मामले की जांच के दौरान राज्य ग्रामीण विकास विभाग के एक पूर्व मुख्य अभियंता को गिरफ्तार किया था। उससे सबूत मिलने के बाद कार्रवाई की गई है।



**40** करोड़ तक हो सकती है नकदी

**03** करोड़ एक अन्य परिसर से मिले

**10** लाख अन्य जगह से बरामद

**कांग्रेस के नेता हैं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम पाकुड़ सीट से हैं विधायक, नोट गिनने को 8 मशीनें मंगवाई**

**छह ठिकानों पर चली छापेमारी, बरामद नकदी में ज्यादातर 500 के नोट, सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए**

**इस मामले में छापे**

यह छापेमारी ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ एक धनशोधन के मामले से जुड़ी है। वीरेंद्र राम को पिछले साल ईडी ने गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पिछले साल अप्रैल में जारी एक बयान में आरोप लगाया था, रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को निविदा आवंटित करने के बदले में उनसे रिश्वत के नाम पर अवैध कमाई की थी। एजेंसी ने अधिकारी की 39 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की थी। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि संजीव लाल एक सरकारी मुलाजिम है और पहले भी दो मंत्रियों का पीएस रह चुका है।



### झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे

ओडिशा के नबरंगपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा-आज पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि चोरी किया माल पकड़ रहा है मोदी वहां। अब आप मुझे बताइए, अगर मैं उनकी चोरी बंद कर दूं, उनकी कमाई बंद कर दूं, उनकी लूट बंद कर दूं, तो क्या वे मोदी को गाली देंगे या नहीं? लेकिन मुझे ये काम करना चाहिए या नहीं।

## केजरीवाल पर एसएफजे से 133 करोड़ लेने के आरोप

### दिल्ली के एलजी ने की एनआईए जांच की सिफारिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। दरअसल, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल ने बैन किए गए आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से 133 करोड़ रुपये की पॉलिटिकल फंडिंग ली है। एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया की शिकायत आई थी, जिसमें कहा गया था कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी आतंकी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133 करोड़ रुपये लिए थे, ताकि देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई करवाई जा सके। इस शिकायत के आधार पर एलजी ने एनआईए जांच की सिफारिश की है।



**देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए रुपये लेने के आरोप**

वर्ष 2014 से 2022 के बीच 1.6 करोड़ डॉलर लिए गए

### गृह मंत्रालय को लिखा पत्र

एलजी ऑफिस की तरफ से केंद्रीय गृहमंत्रालय को एक पत्र लिखा गया है। इसमें लिखा है कि 1 मई को एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया ने शिकायत भेजी थी। इसमें एक्स पर आप के पूर्व कार्यकर्ता डॉ. मुनीष कुमार के कुछ पोस्ट का प्रिंटआउट, एक लेटर और एक पेनड्राइव थी। मोंगिया ने एक वीडियो का जिक्र किया, जिसमें खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के फाउंडर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया था कि केजरीवाल की पार्टी आप ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133.60 करोड़ की फंडिंग ली है।

### न्यूयॉर्क के रिचमंड हिल गुरुद्वारे में मुलाकात!

शिकायत में यह दावा भी किया गया था कि 2014 में केजरीवाल ने न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल में खालिस्तान समर्थक सिखों से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में केजरीवाल ने वादा किया था कि अगर आप को खालिस्तानी समूहों से फंडिंग मिलती रहेगी तो वे देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करेंगे। उन्होंने एक्स पर कई ट्वीट्स में न्यूयॉर्क के रिचमंड हिल गुरुद्वारे में केजरीवाल और सिख नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें शेयर की थीं।

## जेपी नड्डा, मालवीय व विजयेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक भाजपा यूनिट के प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ कर्नाटक कांग्रेस ने एफआईआर दर्ज कराई है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एससी/एसटी समुदाय के लोगों को डराने की कोशिश की है, ताकि वे एक खास कैंडिकेट के लिए वोट न करें। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इलेक्शन कमीशन और बेंगलुरु पुलिस के पास आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक, भाजपा नेताओं के खिलाफ रेप्रिजेंटन ऑफ पीपुल्स एक्ट और आईपीसी के सेक्शन 505 (2) (समुदायों के बीच नफरत, दुश्मनी या बैर बढ़ाने के लिए बयान देना) के तहत केस दर्ज किया गया है।

**■ कर्नाटक कांग्रेस का आरोप, भाजपा ने एससी/एसटी को भड़काने वाली पोस्ट की**

## पुंछ हमलाः दो आतंकियों के स्कैच जारी

**पुंछ(एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स के काफिले पर हुए हमले में शामिल दो आतंकियों के स्कैच सेना ने जारी किए हैं। साथ ही उन पर 20 लाख रुपये का इनाम भी रखा है। इसी हमले के सिलसिले में पुलिस ने पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं पुंछ के डन्ना टॉप, शाहस्टार, शिंद्रा और सनाई टॉप इलाकों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा।





## 10वीं में 99.47% व12वीं में 98.19% विद्यार्थी पास

**सीआईएससीई के घोषित किए नतीजे, इस बार मेधा सूची जारी नहीं की गई**

**नई दिल्ली (भाषा)।** 'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिए। दोनों कक्षाओं के लिए पास प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया बंद कर दी है। सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47% छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19% छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की।



### छात्राएं फिर अव्वल

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा, "10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा।"

**परीक्षा** | एनटीए ने कहा-प्रश्न पत्र लीक की खबरें निराधार

## राजस्थान व छत्तीसगढ़ में नीट के गलत पेपर बंटे, लीक का आरोप

***हर एक पेपर का हिसाब-किताब रखा, कुछ बच्चे समय से पहले सेंटर से भागे***

**नई दिल्ली (भाषा/एजेंसी)।** नीट-यूजी एग्जाम के पेपर लीक होने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को इन आरोपों को बेबुनियाद बताया। नीट परीक्षा 5 मई को देश के 557 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। इस दौरान, राजस्थान के सवाई माधोपुर के एक सेंटर और छत्तीसगढ़ के बालोद सेंटर पर हिंदी मीडियम की जगह इंग्लिश मीडियम का पेपर बांट दिए गए। यहां से कुछ छात्र पेपर लेकर भाग गए। एनटीए ने कहा कि इनमें से ही किसी ने पेपर वायरल किया होगा। हालांकि तब तक पेपर शुरू हो चुका था, इसलिए इसे पेपर लीक नहीं माना जाएगा।

### बिहार से 9 सॉल्वर गिरफ्तार

बिहार में नीट की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल स्टूडेंट हैं। वहीं, पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल स्टूडेंट हैं। महाराष्ट्र के नवी मुंबई से भी एक डमी फर्जी कैंडिडेट की गिरफ्तारी हुई है। एक दिन पहले भी राजस्थान से तीन एमबीबीएस छात्रों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



### आरोप निराधार और बेबुनियाद

एनटीए ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें 'पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद' हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र का हिसाब रखा गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा, 'एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं से यह पता चला है कि पेपर लीक की ओर इशारा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।'

**उफ! ये तपन** | आज भी रहेगी भीषण गर्मी, पारा 44 डिग्री तक जाने के आसार

## चुनावी मौसम के बीच गर्मी ने भी दिखाए तेवर, पारा 43 डिग्री पार

***9 को सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, लेकिन राहत के आसार नहीं***

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के लिए सरगर्मियां बढ़ती जा रही है, वैसे ही गर्मी भी अपने तीखे तेवर दिखाने लगी है। मई के पहले सप्ताह में ही मौसम ने लोगों को परेशान कर दिया है। प्रदेश में औसत तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। सोमवार को फतेहाबाद के भट्टू में अधिकतम तापमान 43 डिग्री, फतेहाबाद में 42 डिग्री और रेवाड़ी में 42.24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम पारा भी 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। दिनभर सड़कें और बाजार सुनसान दिखाई दिए। मौसम विभाग का कहना है कि अभी भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

### लू सताएगी

मौसम विभाग की मानें तो इस पूरे सप्ताह राहत की संभावना नहीं है। दिन में लू चलेगी। अधिकतम तापमान 44 डिग्री, जबकि न्यूनतम 26 डिग्री तक जा सकता है। एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 9 मई वीरवार को हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन उससे गर्मी कम नहीं होगी। मंगलवार को भी यहां का अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 44 और 26 डिग्री रहने की संभावना है। सोमवार का दिन फतेहाबाद में इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया।



### स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी

तेज धूप और गर्मी को देखते हुए शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को जागरूक रहने की सलाह दी है। खास तौर से बच्चों बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष ऐहतियात बरतने की सलाह दी है। शिक्षा विभाग ने भी स्कूल समय में बदलाव की सिफारिश की है।




Active Learning in progress at the iOS Development Centre powered by **Apple & Infosys** at Galgotias University.

Highly Experiential

Critical thinking skills through hands-on activities

Embraces technological advancements

GALGOTIAS active Learning Ecosystem

Superlative student retention, engagement and participation

Prepares students for lifelong learning and adaptability in a rapidly changing world

Record Breaking Placements

Living TEACH LESS LEARN MORE Pedagogy

Fostering Entrepreneurial Spirit. Cultivating Job Creators over Job Seekers

**Being in NCR and close proximity to a major industrial, corporate and aviation hub; our students get the best of faculty and industry exposure, giving our students a distinct edge over universities located in other areas**

"Active Learning" adopted by Galgotias University is a pedagogical approach that goes beyond traditional methods by engaging students in participatory activities within the learning process. Rather than passively receiving information, students are actively involved in activities such as discussions, problem-solving tasks, and hands-on exercises. This approach fosters critical thinking, collaboration and deeper understanding of concepts, making learning more dynamic and effective. Active learning encourages students to take ownership of their education and prepares them for success in an ever-evolving world.

## The Edge That Sets Us Apart

**TOP 50** in India in INNOVATION

Amongst **#91** in India (Management Category)

**#52** in India (Pharmacy Category)

By NIRF Ranking 2023 — nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK — शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

**TOP 3** in India for filling MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ — Accreditation in First Cycle

Grade PLATINUM BAND A++ OBE RANKINGS 2022

NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION ACCREDITED Tier 1 for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics, & Communications Engineering, B.Pharm and MBA

## Apply Today for Career Focussed 2024-25 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes

Engineering | Computer Applications | Biological & Life Sciences | Biomedical Sciences | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education
Nursing | Liberal Education | Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy
Allied Health Sciences | Business | Aviation | Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education

#GetYourSelfPlaced®

GALGOTIAS UNIVERSITY
(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)

www.galgotiasuniversity.edu.in
+91-9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000




# बीरेंद्र ने समर्थकों से पूछा, जेपी का नामांकन करवाने जाऊं, जवाब मिला नहीं जाना

**बोले, जयप्रकाश ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं किया, बृजेंद्र से भी मदद नहीं मांगी। मेरी नजर में समर्थकों का सम्मान सबसे ऊपर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

*बेटे बृजेंद्र सिंह का टिकट काटने की साजिश रची गई, चुनाव के बाद खुलासा करूंगा*

लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने अपने प्रमुख समर्थकों के साथ डूमरखा कलां अपने आवास पर करीब दो घंटे तक मंथन किया। बीरेंद्र सिंह ने समर्थकों से पूछा कि कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन पर हिसार जाए या नहीं। इस सवाल पर समर्थकों ने एक स्वर में कहा कि नहीं जाना। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान उनके लिए सबसे पहले है। अब तक जयप्रकाश उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने नहीं आया है। यहां से जो सांसद बृजेंद्र सिंह थे उनसे भी किसी तरह की मदद चुनाव को लेकर नहीं मांगी है न ही मिलने आया। जयप्रकाश उनके पास आकर मदद मांगते है, उनके कार्यकर्ताओं से वोट की अपील आकर करते है तो वो पूरे मन से साथ देंगे। दस साल के बाद कांग्रेस वो वापिस आए है ऐसे में वो कांग्रेस में ही रहेंगे। हिसार लोकसभा से बेटे बृजेंद्र सिंह की टिकट कटने का दर्द भी मीटिंग में झलका।



### सर्वे में बृजेंद्र आगे था

बीरेंद्र सिंह ने कहा कि बृजेंद्र सिंह की टिकट कटवाने के लिए साजिश रची गई। सर्वे का नाम लेकर बृजेंद्र सिंह की टिकट को काटा गया। भाजपा में सांसद रहते हुए कांग्रेस में शामिल होने वाले एनडीए के सबसे पहले सांसद बृजेंद्र सिंह थे। जब पूरे देश में भाजपा के पक्ष में माहौल नजर आ रहा था तो बृजेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि टिकट को लेकर पूरी मदद रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा ने की। जो लोग समझते है कि आज कांग्रेस हमारी जेब में है वो उनकी गलत फहमी है। कांग्रेस किसी की बापौती नहीं है। प्रदेश में पं. भगवत दयाल बड़े नेता होते थे लेकिन इंदिरा गांधी ने बंसीलाल को सीएम हरियाणा का बना दिया। बंसीलाल ने सोचा भी नहीं था कि वो सीएम हरियाणा के बनेंगे। दस साल के बाद कांग्रेस में आए है लेकिन कांग्रेस में दस साल में संगठन तक नहीं बना है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें जिम्मेदारी दे तो कांग्रेस को प्रदेश में सशक्त बनाने का काम वो कर सकते है। मैं कभी झूठ की राजनीति नहीं करता हूं।

बिना किसी का नाम लिए बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जो समझते है कि आज प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में उनकी वजह से माहौल बना है ये उनकी गलत फहमी है। भाजपा की गलत नीतियों के चलते आज प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनता जा रहा है। द्वेष की भावना से कांग्रेस के खातों को सील कर दो, किसी सीएम को जेल में भेज दो। ये प्रजातंत्र का हिस्सा नहीं होता है। आज लोग प्रजातंत्र, लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट कर रहे है। देश में 225 सीटों तक भाजपा सिमट कर रह गई तो जो नेता समझते है कि कांग्रेस हमारी जेब में है कल वो कांग्रेस की जेब में नजर आएंगे। कांग्रेस को मिलकर हम मजबूत करेंगे। जो जींद जिले की सीट है, जींद के आस-पास सीट है वहां हम कांग्रेस को जीताने का काम करेंगे।

### साजिश विस चुनाव में भी रची जा सकती है

पूर्व केंद्रीय बोले, जो साजिश अब रची गई है वो आगे भी विधानसभा चुनाव में रची जा सकती है। हमें संगठित होना होगा ताकि इस तरह की साजिश रचने वाले कई बार सोचे। मेरे लिए कार्यकर्ताओं के सम्मान से बड़ा मेरे लिए कुछ नहीं है। इस मौके पर सज्जन सिंह, हरेंद्र सिंह, राममेहर दनौदा, राजेंद्र चहल, सुशील काकड़ोद, संजीव डूमरखा, कुलदीप श्योकंद, वीरेंद्र मोर व अन्य मौजूद रहे।

---

**सियासी हलचल**

### मतदान केंद्रों में वोटर्स मोबाइल लेकर न जाएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर मतदाता मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गेजेट, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, स्पाई कैमरा इत्यादि लेकर न जाएं, इससे मतदान की गोपनीयता भंग होने की संभावना रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पीठासीन अधिकारी को ही मोबाइल रखने की अनुमति होगी। मतदाता केवल पहचान वाले दस्तावेज ही अपने साथ लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए 25 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किए जाएंगे। हीट वेव से बचाव हेतु तथा छाया के लिए टेंट, पंखे, पीने का पानी सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा, मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए कितने लोग लाइन में हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। अग्रवाल सोमवार को अधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



### जजपा को बड़ा झटका, विधायक सुरजाखेड़ा का भाजपा को समर्थन

चंडीगढ़। हरियाणा में जननायक जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नरवाना से जजपा विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दे दिया है। सोमवार को सुरजाखेड़ा सेक्टर-6 स्थित पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के निवास स्थान पर पहुंचे और अपना समर्थन देने का ऐलान कर दिया। सुरजाखेड़ा ने कहा कि वे पूरी तरह से मनोहर लाल के साथ हैं और इस चुनाव में उनका भरपूर सहयोग करेंगे। जजपा विधायक सुरजाखेड़ा ने कहा कि वह हमेशा जननायक जनता पार्टी के साथ खड़े रहे लेकिन उनकी लगातार अनदेखी होती रही है।

---

**अंबाला और कुरुक्षेत्र में अभी कुछ नहीं बोल रहे वोटर्स**

# मतदाता अभी तक खामोश नेताओं को आ रहा पसीना

**राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता वजूद बचाने के लिए किराये पर जुटा रहे नुक्कड़ सभाओं में भीड़**

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

लोकतंत्र के 18वें महापर्व के तीसरे चरण का मतदान शुरु होने के बाद चौथे चरण के मतदान में अब मात्र आठ दिन शेष बचे हैं। मगर अभी तक कुरुक्षेत्र और अंबाला लोकसभा क्षेत्रों में मतदाता पूरी तरह किसी के पक्ष में खुलकर नहीं आ रहे हैं। हालांकि सभी पार्टियों के दिग्गजों ने कुरुक्षेत्र और अंबाला में चुनावी प्रचार तेजी से शुरू किया हुआ है। मगर किसी भी विशेष पार्टी के पक्ष में हवा बनती दिखाई नहीं दे रही है। खास बात यह है कि सभी पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने नेता के समक्ष अपना वजूद बनाए रखने के लिए नुक्कड़ सभाओं में किराए की भीड़ जुटाने में लगे हैं। आलम यह है कि नुक्कड़ सभा सफल होने के बाद कार्यकर्ता किराए पर बुलाए गए लोगों को नाश्तापानी करवाकर उन्हें इज्जत के साथ गाड़ियों में बिठाकर घर छोड़कर आ रहे हैं।

### किसान खेतों में व्यस्त

राजनीति की समझ रखने वाले डॉ. विवेक का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में अभी भी गेहूं की फसल समेटने की वजह से किसान और मजदूर व्यस्त हैं। वहीं, गर्मी की तपिश बढ़ने से लोग नुक्कड़ सभाओं में जाना उचित नहीं समझ रहे हैं। सबसे बड़ा कारण है कि लोग बार-बार नेताओं द्वारा किए गए झूठे वायदों से ऊब चुके हैं। अब अधिकांश लोगों के लिए चुनाव के कोई मायने नहीं रह गए हैं।



यही वजह है कि मतदाता अभी खुलकर कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं। खास बात यह है कि लोग ताश खेलते हुए या फिर हुक्का गुड़गुडाते हुए भी किसी एक के पक्ष में बहस करते दिखाई नहीं दे रहे हैं।

### प्रचार ने तेजी पकड़ी

कुरुक्षेत्र व अंबाला लोकसभा क्षेत्र में मतदान 25 मई को होना है। मगर पिछले करीब दो सप्ताह से दोनों लोकसभा क्षेत्रों में सभी राजनैतिक दलों ने प्रचार शुरू किया हुआ है। प्रत्याशी गांव-गांव जाकर वोट की अपील कर रहे है।

### उम्मीदवारों ने प्रचार में झोंकी ताकत

अंबाला लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो अभी तक भाजपा से बंतो देवी कटारिया व कांग्रेस से वरूण चौधरी में कड़ा मुकाबला दिखाई दे रहा है। वहीं, इंडियन नेशनल लोकदल के गुरप्रीत सिंह व बसपा के पवन कुमार मुकाबला में आने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रहे हैं। जिनकी दिनों दिन बढ़ती ताकत से भी लोक सकते में है। इसी तरह कुरुक्षेत्र लोकसभा में अभी तक भाजपा के नवीन जिंदल, कांग्रेस आप गठबंधन से सुशील गुप्ता व इनेलो के अभय चौटाला के बीच कड़ा मुकाबला दिखाई दे रहा है। मगर मतदाताओं की खामोशी टूटते हुए दिखाई नहीं दे रही है।

### राष्ट्रीय नेताओं को बुलाने की तैयारी

- **अंबाला में प्रधानमंत्री और कुरुक्षेत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रचार के लिए आ सकते हैं**

चुनाव प्रचार के तेजी पकड़ने के साथ ही राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवारों ने मतदाताओं की नब्ज टटोलने के लिए अपने आकाओं की रैलियां आयोजित करने का मन बना लिया है। बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में कुरुक्षेत्र में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री और अंबाला लोकसभा क्षेत्र में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली आयोजित करवाए जाने की योजना है। वहीं, कांग्रेस पार्टी कुरुक्षेत्र व अंबाला लोकसभा क्षेत्र में राहुल गांधी व प्रियंका समेत अन्य दिग्गज नेताओं की रैली आयोजित करवाए जाने की योजना पर विचार कर रही है।

बसपा की ओर से दोनों लोकसभा क्षेत्रों में संयुक्त स्थान पर पार्टी सुप्रीमो कुमारी मायावती की रैली करवाए जाने पर विचार किया जा रहा है। इसी तरह इनेलो की ओर से भी दोनों लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी रैली करके अपनी पूरी ताकत दिखाए जाने की कवायद हो रही है। इन रैलियों में मतदाता अपनी खामोशी तोड़ पाते हैं या नहीं यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

---

**गुरुग्राम**

## राजबब्बर के पक्ष में आए कैप्टन, रोचक मुकाबला बनने के पूरे आसार

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से नाराजगी जाहिर करने के बाद चुप्पी साधे बैठे पूर्व मंत्री कैप्टन अजयसिंह यादव अब राज बब्बर के समर्थन में खुलकर मैदान में आ गए हैं। उनके साथ आने से इस सीट पर रोचक मुकाबला बनने की संभावना है। कैप्टन का साथ राज बब्बर को मुकाबले में मजबूती के साथ खड़ा करने वाला साबित हो सकता है। गत लोकसभा चुनावों में कैप्टन अजय सिंह यादव ने कांग्रेस की टिकट पर भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर दी थी। कैप्टन को 4.95 लाख वोट मिले थे। वह नूंह जिले के तीनों हलकों में भाजपा प्रत्याशी से अधिक मत हासिल कर पाए थे, लेकिन अहीरवाल में मिली मात के कारण वह चुनाव हार गए थे।

कैप्टन ने इस बार भाजपा प्रत्याशी को कड़ी चुनौती पेश करने के लिए काफी समय से मोर्चा संभाला हुआ था। चुनावों की घोषणा से पहले ही वह गुरूग्राम के साढ़े 400 से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर चुके थे।



### प्रबल दावेदार थे कैप्टन

उन्हें इस सीट पर कांग्रेस का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। कांग्रेस में टिकट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने से ही कैप्टन नाराज हो गए थे। साथ ही उन्हें चुनाव समिति में शामिल नहीं किया गया, जिससे वह काफी नाराज हो गए थे। उन्होंने पहले चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। बाद में जब राव दानसिंह को टिकट की चर्चा हुई, तो उनका रास्ता रोकने के लिए वह टिकट के लिए सक्रिय हो गए थे। कांग्रेस की गुटबाजी के चलते पार्टी ने इस बार कैप्टन को टिकट से वंचित रख दिया, जिससे वह पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया से वह काफी नाराज नजर आ रहे थे। उन्होंने खुद को चुनाव प्रचार से अलग रखने के संकेत दे दिए थे, परंतु सोमवार को उन्होंने राज बब्बर का खुलकर साथ देने की घोषणा करते हुए उनके साथ बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

---

## गठबंधन की सरकार बनने पर कर्ज माफी आयोग का गठन किया जाएगा : सैलजा

**चंडीगढ़/डबवाली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि देश का अन्नदाता अपने हक की लड़ाई के लिए आंदोलनरत है और मोदी सरकार है कि उससे झूठे वायदे कर गुमराह करती आ रहा है, इस सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है, कांग्रेस की सरकार बनते ही किसान न्याय के तहत काम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। कर्ज माफी आयोग के गठन किया जाएगा साथ में जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया जाएगा। सिरसा जिला नशे की गिरफ्त में है, इसे सबसे पहले नशामुक्त किया जाएगा और युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाएगा। कुमारी सैलजा ने सोमवार को डबवाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और डबवाली नगर का दौरा किया और गांव घुंकावाली में सभा को संबोधित किया।

## कांग्रेस के भ्रष्टाचार के कारण देश में 70 साल तक विकास नहीं हुआ : अनिल विज

चंडीगढ़। पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने झारखंड में कांग्रेस के मंत्री आलमगीर के निजी सचिव के नौकर के घर पर ईडी की छापेमारी में 20 करोड़ से ज्यादा नगदी बरामदी पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस के राज में इसलिए 70 सालों से विकास नहीं हुआ। इनके तो प्रधानमंत्री राजीव गांधी कह गए थे कि हम ऊपर से एक रुपया भेजते है और नीचे 15 पैसे पहुंचते है, उन्होंने कहा कि ये वो वाले 85 पैसे है जो इनके घरों से मिले है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पैसे नीचे जाने ही नहीं दिए इसलिए विकास नहीं हुआ। अनिल विज ने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने 85 पैसे वाला हिसाब पारदर्शिता करके खत्म कर दिया और ये जो नोट निकल रहे है ये वो वाले 85 पैसे ही हैं। भिवानी के लोहारू में कांग्रेस प्रत्याशी के समक्ष कांग्रेस के दो गुट आपस में भिड़ने के सवाल पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि यह तो होना ही था, अभी आगे देखना क्या-क्या होता है।

## वीडियो टीम हर प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार की वीडियो रिकॉर्डिंग करें : चेतराम मीणा

पंचकूला, 6 मई - एक्सपेंडिचर अब्जर्वर लोकसभा अंबाला एवं आईआरएस चेतराम मीणा ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में लोकसभा आम चुनाव-2024 की निगरानी के लिए गठित पंचकूला व कालका विधानसभा की विभिन्न टीमों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में एक्सपेंडिचर अब्जर्वर ने संबन्धित टीमों को उचित दिशा-निर्देश दिए।मीणा ने आमजन से अपील की कि वो किसी भी प्रकार की शिकायत सी-विजिल एप पर करें। इसके अलावा उनके मोबाइल नंबर 9530500065 पर भी जानकारी दे सकते हैं।र उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में टीमें अपनी-अपनी विधानसभा में हो रहे प्रचार पर पूरी नजरें रखें। वीडियो टीम द्वारा हर प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए और खर्च का ब्योरा तैयार किया जाए। इसके बाद उसको एक्सपेंडिचर टीम को सौंपा जाए ताकि खर्च के ब्योरा का आंकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव - 2024 में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा।

## कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम में सबसे ज्यादा 49-49 उम्मीदवार मैदान में

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनावी दंगल में अंतिम दिन दिग्गजों ने ताल ठोकी। प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन के लिए अंतिम दिन नामांकन का आंकड़ा 370 पहुंच गया। प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर अंतिम दिन 159 पर्चे भरे गए, जिससे नामांकन का आंकड़ा 370 पर पहुंच गए। हालांकि वर्ष 2019 के चुनाव के मुकाबले इस बार 10 नामांकन ज्यादा भरे गए हैं, पिछली बार 360 नामांकन दाखिल हुए थे। सोमवार को करनाल विधानसभा के उप चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रोड शो के साथ शक्ति प्रदर्शन कर पर्चा दाखिल किया। वहीं करनाल लोकसभा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल नामांकन भरा।

| सीट | नामांकन |
|---|---|
| अंबाला | 27 |
| कुरुक्षेत्र | 49 |
| सिरसा | 34 |
| हिसार | 44 |
| करनाल | 31 |
| सोनीपत | 34 |
| रोहतक | 40 |
| भिवानी-महेंद्रगढ़ | 30 |
| गुरुग्राम | 49 |
| फरीदाबाद | 32 |
| कुल | 370 |

---

**लोकसभा चुनाव** **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाने की तैयारी**

# भाजपा व कांग्रेस के लिए प्रचार में उतरेंगे राष्ट्रीय नेता, शेड्यूल तैयार करने में जुटे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब लोकसभा की चुनावी मुहिम तेजी पकड़ने जा रही है। राज्य और केंद्र में सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी द्वारा आने वाले एक दो दिनों के अंदर-अंदर पार्टी की अहम बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री मोदी सहित बाकी दिग्गज नेताओं की रैली को लेकर पूरा कार्यक्रम तय कर लिया जाएगा।नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को था, इसके साथ ही तस्वीर पूरी तरह से साफ हो गई है कि कौन-कौन सी पार्टी से कौन से चेहरे कौन सी सीट पर मैदान में हैं। ₹लोकसभा मिशन- 2024 में फ़तेह पाने में जुटे भाजपा के सियासी दिग्गजों की नजरें पार्टी के बड़े चेहरों पर लगी हुई है, क्योंकि उनके आने के बाद में माहौल में बदलाव आएगा औऱ उनकी वैतरणी पार हो जाएगी। भाजपा हरियाणा प्रदेश के सियासी दिग्गजों ने इस बारे में एक दो दिनों के अंदर अहम बैठक बुलाने का फैसला लिया है। यह बैठक कौन से स्थान पर और समय पर होगी यह तय नहीं है। लेकिन किसी भी वक्त इसका स्थान और वक्त भी तय कर लिया जाएगा। खास बात यह है कि सभी उम्मीदवारों की नजरें भाजपा के प्रमुख चेहरों की तरफ लगी हुई हैं, अर्थात वैतरणी पार करने के लिए देश के पीएम, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ साथ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तरफ लगी हुई हैं।

### जल्द चुनाव प्रचार पकड़ेगा जोर

खास बात यह है कि भाजपा शासित राज्यों के सीएम को बुलाने पर भी जोर है। खास बात है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलाने की मांग सबसे ज्यादा है। योगी के कार्यक्रम को लेकर भी मारामारी है, प्रदेश में लोकसभा की सीटों को लेकर पहले ही तय है कि दो से तीन सीटों के लिए एक बड़ी रैली होगी। लोकसभा की सीटों पर अब तस्वीर साफ हो गई है। पार्टियों ने नेताओं के नाम फाइनल कर दिए हैं। इसके साथ ही अब भयंकर गर्मी के बाद भी चुनाव प्रचार की मुहिम रफ्तार पकड़ने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह को हरियाणा की माटी पर बुलाने को लेकर कार्यक्रम को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

### कांग्रेस की तैयारी

हरियाणा में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के सियासी दिग्गजों द्वारा भी हरियाणा की माटी पर अपने बड़े नेताओं को बुलाने की तैयारी है। खास बात यह है कि भाजपा के उम्मीदवारों की तरह ही कांग्रेस के उम्मीदवारों को अपने बड़े नेताओं की सभा हो जाने के साथ ही वैतरणी पर हो जाने की उम्मीद बंधी हुी है। कांग्रेस में सबसे ज्यादा मांग प्रियंका गांधी,. सोनिया गांधी औऱ राहुल गांधी की है। कांग्रेस की ओर से भी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क साधकर हरियाणा के लिए वक्त दिए जाने की मांग की है। पार्टी की ओर से जल्द ही बड़े नेताओं के कार्यक्रम जारी कर दिए जाने की उम्मीद बनी हुई है।

**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**बागवानी औजारों की आवश्यकता हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में वित्तिय वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न प्रकार के 05 दिवसीय कुल 10 प्रशिक्षण करवाए जाने हैं। इस दौरान प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षणों में किसानों को बागवानी औजार प्रदान किए जाऐगें। बागवानी औजारों की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. स. | बागवानी औजारों का विवरण | मूल्य प्रति औजार कर सहित |
|---|---|---|
| 1. | वाटर कैन / हजारा (5 लीटर) | |
| 2. | गार्डन टूल किट | |
| 3. | गार्डन स्कैटियर / गार्डन कटर | |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 09.05.2024 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बागवानी विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह से मो. 8168368079 पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/600/2025/26244/88/6 दि. 06.05.24

**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**भोजन की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में वित्तिय वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न प्रकार के 05 दिवसीय कुल 10 प्रशिक्षण करवाए जाने हैं। इस दौरान प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षणों में किसानों के लिए सुबह की चाय / स्नैक्स, दोपहर का भोजन व सायं की चाय / स्नैक्स की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. स. | कार्य का विवरण | किसानों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्र पर जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म द्वारा सुबह की चाय / स्नैक्स, दोपहर का भोजन व सायं की चाय/ स्नैक्स की व्यवस्था करना | 20 किसान प्रतिदिन |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 09.05.2024 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बागवानी विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह से मो0 8168368079 पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/599/2025/26243/88/6 दि. 06.05.24

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। बूड़िया गेट पुलिस चौकी द्वारा पकड़ा गया आरोपी व्यक्ति।

### एक किलो 50 ग्राम अफीम के साथ दबोचा

**यमुनानगर।** जिला की बूड़िया गेट चौकी पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उससे एक किलो 50 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि त्रिकोणी चौक जगाधरी से होता हुआ एक व्यक्ति नशे की खेप लेकर पैदल निकलेगा।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे 32 लाख

**कैथल।** गांव आहूं निवासी एक व्यक्ति को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर दो आरोपियों ने 32 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव आहूं निवासी शमशेर सिंह ने ढांड थाना में शिकायत दी कि वह विदेश जाना चाहता था। सागर और निमित्त चौपड़ा ने ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर अलग-अलग समय में 32 लाख रुपये विभिन्न माध्यमों से ले लिए और जल्द उसे ऑस्ट्रेलिया भेजने के बात कही।

### हादसे में बच्ची की मौत मां और मौसी घायल

**सिरसा।** जिला के गांव खारियां व झोतड़ के बीच सोमवार सुबह लगभग सवा आठ बजे एक ट्रक द्वारा साइड मारने से बाइक सवार दो महिलाएं घायल हो गई, जबकि 6 साल की बच्ची की कुचले जाने से दर्दनाक मौत हो गई। रानियां पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। गांव केहरवाला निवासी गब्बर सिंह पुत्र हरिराम ने पुलिस में दर्ज करवाए अपने बयान में बताया कि उसकी साली अंजु गांव झोतड़ निवासी सुभाष पुत्र जीत राम के साथ विवाहित है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## लोहारू: चुनाव प्रचार के दौरान उलझे कांग्रेस के दो गुट

# चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर भिड़े कार्यकर्ता, जमकर हुई धक्का-मुक्की

- कांग्रेस प्रत्याशी निर्धारित समय से करीब पांच घंटे देरी से लोहारू पहुंचे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी की लगातार चल रही चर्चाओं के बीच बीती देर रात करीब 10 बजे लोहारू में खोले गए कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार राव दानसिंह के कार्यालय के उद्घाटन मौके पर भी हलके के दो कांग्रेसी नेताओं की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। दोनों कांग्रेसी नेताओं के समर्थकों के बीच हुई धक्कामुक्की और झड़प को शांत करने के लिए स्वयं लोकसभा उम्मीदवार राव दानसिंह को आगे आना पड़ा और बीच बचाव करते नजर आए। राव दानसिंह ने दावा किया कांग्रेस में कोई गुटबाजी नही है तथा सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटे हैं। बता दें कि लोहारू के रामलीला मैदान के पास कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार राव दान सिंह का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन होना था तथा राव दान सिंह निर्धारित समय से करीब पांच घंटे देरी से लोहारू पहुंचे थे। इस दौरान पूर्व विधायक चौ सोमवीर सिंह और पूर्व चेयरमैन राजबीर फरटिया के समर्थक भारी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे। जैसे ही राव दान सिंह ने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया और कार्यालय में अंदर प्रवेश किया तो दोनों कांग्रेसी नेताओं के समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते नारेबाजी हूटिंग में बदल गई तथा समर्थकों में धक्कामुक्की शुरू हो गई।

### लम्हों की गलती को सदियों ने भोगा है

लोकसभा कांग्रेस उम्मीदवार राव दानसिंह ने उपस्थित लोगों से वोटों की अपील करते हुए भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसान की आय दोगुनी करने, युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। किसान, मजदूर, व्यापारी हर वर्ग भाजपा से दुखी है। राव दान सिंह ने कहा कि इलाके की जनता को अबकी बार गलती नही करनी है तथा भाजपा को सबक सिखाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि लम्हों की गलती को सदियों ने भोगा है। इसलिए इस बार लोकसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देकर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनानी है तथा इन चुनावों के बाद हरियाणा में भी आगामी विस चुनावों में चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है।

### करीब आधे घंटे तक चली धक्कामुक्की

धक्कामुक्की के दौरान कुछ समर्थकों ने समझदारी दिखाई और दोनों के समर्थकों को अलग अलग करने का प्रयास किया। यहीं नही राव दान सिंह ने भी बीच बचाव किया और समर्थकों से एकजुट रहने और शांति बनाए रखने की अपील की। करीब आधा घंटे की धक्कामुक्की के बाद पूर्व चेयरमैन राजबीर फरटिया, पूर्व विधायक चौ सोमवीर सिंह, नरेंद्र गागड़वास आदि नेताओं ने उपस्थित लोगों से राव दान सिंह के समर्थन में मतदान करने अपील की और दावा किया कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस की लहर चल पड़ी है। देर रात कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन के दौरान हुई इस झड़क का वीडियो सोमवार को पूरे दिनभर सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा तथा लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। अनेक लोगों ने कहा कि कांग्रेस की यह गुटबाजी ही उसके लिए सबसे बड़ा नुकसान साबित होगी।

### परिवार का मामला सब कुछ सामान्य

वहीं, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन राजबीर सिंह ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। जो वीडियो सामने आई है, उसमें थोड़ा-बहुत विवाद हुआ था। हम एक परिवार के हैं और परिवार में इस प्रकार की छोटी-मोटी बात होती रहती है। सब कुछ सामान्य है।

## सिरसा: मां-बेटा चला रहे थे हवाला कारोबार, 49.50 लाख रुपये जब्त

- पुलिस ने की घर पर छापेमारी, इनकम टैक्स अफसरों को बुलाया
- लोस चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट पर
- बणी में नरेंद्र और उसकी मां ममता कर रहे हवाला का कारोबार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गांव बणी में छापामार कार्रवाई कर 49 लाख 50 हजार रुपये की हवाला राशि बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम बीती देर शाम को को बणी क्षेत्र में गश्त के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि गांव बणी के नरेंद्र उसकी मां मोबाइल फोनों के जरिए हवाला का कारोबार करते हैं और घर में काफी मात्रा में हवाला की राशि छुपा रखी है। पुलिस ने सूचना पर छापामार कार्रवाई करते हुए नरेंद्र तथा उसकी मां के कब्जे से 49 लाख 50 हजार की हवाला राशि बरामद कर ली। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि इस संबंध में इनकम टैक्स के अधिकारियों को सूचित कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। नरेंद्र उर्फ बब्बू तथा उसकी माता से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के दौरान जो भी व्यक्ति हवाला के इस नेटवर्क में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## अंबाला: पांच बच्चों की मां की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**अंबाला।** पांच बच्चों की मां की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। परिजनों के मुताबिक, महिला की गर्दन पर रस्सी के निशान मिले हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला की शिनाख्त अंबाला शहर के मनमोहन नगर की रहने वाली रजनी के रूप में हुई है। यमुनानगर की रजनी की 17 साल पहले अंबाला शहर के फौजी के साथ शादी हुई थी। फौजी कबाड़ी का काम करता है। रजनी के भाई शाका ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसकी बहन की हत्या की है। 4-5 दिन पहले ही उसकी बहन ठीक-ठाक मायके से ससुराल गई थी। यहां, रजनी के साथ उसके जीजा फौजी ने मारपीट की। उसके भांजा-भांजी ने बताया कि पापा ने मम्मी को मारा है।

## हरियाणा में विभागीय परीक्षाएं 19 जून से इच्छुक को 30 मई से पहले भेजना होगा अनुरोध

**चंडीगढ़।** हरियाणा में आगामी जून माह में होने वाली विभागीय परीक्षाओं में शामिल होने के इच्छुक आईएएस तथा एचसीएस अधिकारियों को 30 मई, 2024 से पहले कार्मिक विभाग को अपना अनुरोध भेजना होगा ताकि इसे निर्धारित समय के भीतर केंद्रीय परीक्षा समिति को भेजा जा सके। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा आज इस आशय का एक पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार जिन एचसीएस (कार्यकारी शाखा) अधिकारियों की इंडक्शन ट्रेनिंग को प्रशिक्षण शाखा द्वारा पूर्ण घोषित नहीं किया गया है, वे विभागीय परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा सहायक आयुक्त तथा अतिरिक्त सहायक आयुक्त समेत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, कृषि और बागवानी, पशुपालन एवं डेयरी, सहकारिता, विकास एवं पंचायत तथा पंचायती राज, मत्स्य पालन, वन, आबकारी एवं कराधान, जेल, वन्य प्राणी संरक्षण और निर्वाचन विभाग के लिए आगामी 19 जून से विभागीय परीक्षा आयोजित की जानी है। यह परीक्षा पंचकूला के सेक्टर-12-ए स्थित सार्थक गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होगी।

## सीएम फ्लाइंग व अन्य अधिकारियों के छापे से हड़कंप

# बहादुरगढ़: बिना एनओसी के चल रही फैक्ट्रियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सीएम फ्लाइंग की टीम ने सोमवार को बहादुरगढ़ इलाके में दस्तक दी। यहां विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर जाखोदा में स्थित दो फैक्ट्रियों में छापा मारा। जांच के दौरान दोनों फैक्ट्रियों में किसी भी विभाग की एनओसी नहीं मिली। इस संबंध में फैक्ट्री मालिकों को नोटिस दिए जाएंगे। नोटिस के बाद आगामी कार्रवाई होगी। दरअसल, सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि जाखोदा में नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से फैक्ट्री चल रही हैं। बिना किसी परमिशन और एनओसी के काम किया जाता है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसआई सहदेव की अगुवाई वाली टीम सोमवार को जाखोदा पहुंची। इस दौरान उनके साथ जिला नगर योजनकार विभाग से जेई अरविंदर कुमार, दमकल विभाग से अधिकारी रवींद्र कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से चंद्रकांत आदि भी मौजूद रहे। टीम ने पहले आरती फ्लोर मील के नजदीक स्थित एक ऑफसेट पेपर प्रेस फैक्ट्री पर दस्तक दी। यहां



बहादुरगढ़। जाखौदा के निकट बिना अनुमति चल रही फैक्ट्री।



बहादुरगढ़। मौके पर कार्रवाई करने पहुंची सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो: हरिभूमि

विनीत नाम का एक शख्स मिला। वह अधिकारियों को प्रेस चलाने संबंधित दस्तावेज नहीं दिख सका। फायर, पॉल्यूशन, डीटीपी आदि की एनओसी नहीं मिली। विनीत ने बताया कि यह फैक्ट्री उसने किराये पर ले रखी है। इसके बाद टीम ने जाखोदा में ही स्थित एक पेंट फैक्ट्री पर छापा मारा। यहां भी किसी भी विभाग की एनओसी नहीं मिली। मौके पर जितेंद्र नाम का शख्स मिला। उसने बताया कि यह फैक्ट्री उसने दिल्ली के निवासी विकास से किराये पर ले रखी है। टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि दोनों फैक्ट्री मालिकों को संबंधित विभागों की ओर से नोटिस दिए जाएंगे। नोटिस के जवाब के बाद आगामी कार्रवाई होगी।

## जीजा की चचेरी बहन के कारण शादी की बात नहीं चढ़ी सिरे

# नरवाना स्टेशन के निकट प्रेमी जोड़े ने ट्रेन से कट की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना रेलवे स्टेशन के निकट जींद-भठिंडा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को अलसुबह प्रेमी युगल ने रेलगाड़ी के आगे लेट कर आत्महत्या कर ली। मृतक युगल आपस में रिश्तेदार हैं। घटना की सूचना पाकर रेलवे डीएसपी, रेलवे थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। रेलवे पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का नागरिक अस्पताल नरवाना में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं। नरवाना रेलवे स्टेशन के निकट जींद-भठिंडा रेलवे लाइन पर सोमवार को सुबह लोगों ने युवक तथा युवती के कटे हुए शवों को पडे.देखा। जिस तरीके से शव कटे हुए थे, उससे साफ जाहिर था कि दोनों रेलगाड़ी के आगे रेल पटरी पर लेटे हैं। जिसके चलते दोनों बीचोंबीच कट गए। रेलवे पुलिस दो शवों को अस्पताल पहुंचाया।



मृतक अशोक का फाइल फोटो।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

### मृतक के जीजा ने अफेयर से खफा होकर दी थी जान

छानबीन के दौरान सामने आया कि मृतक अशोक के जीजा को दोनों के अफेयर के बारे पता लग चुका था। अशोक युवती से शादी करना चाहता था। जबकि उसका जीजा इसके खिलाफ था। लगभग एक माह पहले अशोक के जीजा ने इसी बात से खफा होकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक अशोक तीन भाइयो में सबसे छोटा तथा अविवाहित था। जबकि युवती का बड़ा भाई आर्मी में है। युवती खुद बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। मृतक युगल के परिजन घटना को लेकर कुछ नही बोले।

### परिजनों ने किसी पर कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया

दोनों मृतकों के बीच अफेयर चला आ रहा था। मृतक युगल के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया। दोनों के शवो का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए गए हैं।
-**विनोद कुमार**, रेलवे थाना प्रभारी

**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF Sh. Puneet Limbha
Judicial Magistrate - Ist Class Ganaur
MUNISH KUMAR Vs. RAHUL
CNR No.:- HRSOA1-000452-2020
Next Date:-14-06-2024

Detail of offence:-
NOTICE TO:
RAHUL
:- VED SINGH S/O HOSHIYAR SINGH
R/o Gali No.7 Masjid Wali Gali, Property No.150C926U 91 Patel Nagar Sonipat.

In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 14-06-2024 at 10.00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Judicial Magistrate - Ist Class Ganaur
Dated, this day of 06-05-2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Puneet Limbha
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
SUGAN CHAND
Vs.
SATPAL
CNR No. HRSOA0-000112-2023
Next Date:-31-05-2024

PUBLICATION ISSUED TO:
1 SATPAL S/O DHOOP SINGH 2 SANGEETA DEVI W/O KRISHAN KUMAR 3 SUNITA W/O RAMPHAL 4 DHARAMPAL S/O BHIKHAN S/O RAM SAROOP (NOW DECEASED) 5 SATBIR NOW DECEASED THROUGH HIS LRS (1)SUKRAMA W/O (ii) NARESH S/O (iii) DINESH S/O LATE SATBIR ALL R/O GANAUR TEHSIL GANAUR 6 SUBASH NOW DECEASED THROUGH HIS LRS (1) KAMLESH W/O (ii) MOHIT S/O LATE SUBHASH ALL R/O GANAUR 7 PARVEEN KUMAR S/O DHARAM SINGH 8 SANDEEP S/O DHARAM SINGH 9 KRISHAN BHAGWAN S/O DHARAM SINGH 10 OM PARKASH NOW DECEASED THROUGH HIS LRS (1) SANJAY (ii) RAJAN R/O GANAUR 11 HARI CHAND S/O DHARAM CHAND 12 RAM KARAM S/O BHIKHU RAM 13 DROPDI W/O RAM KISHAN ALL R/O GANAUR

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on 31-05-2024 at 10:00 a.m.

Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Ganaur

**प्रपत्र सं. 3**
[नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल**
**चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/1631/2023
[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।]
ईएक्सएच. नं. : 21953
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
मै. ऐयरन सेल्स कॉर्पोरेशन राई

सेवा में,
(1) प्रतिवादी नं. 1 -
मै. ऐयरन सेल्स कॉर्पोरेशन इसके प्रोपराइटर रासीवासिया मार्केट, चोटी बाजारी, चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा-127306.
पैन नं. AEMPA2295R
(2) प्रतिवादी नं. 2 -
बलवंत राय पुत्र श्री राधे श्याम प्रोपराइटर मै. ऐयरन सेल्स कॉर्पोरेशन, निवासी मकान नं. 166, वार्ड नं. 15, चोटी बाजारी, चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा-127306.
(3) प्रतिवादी नं. 3 -
माया देवी पत्नी श्री बलवंत राय, निवासी मकान नं. 166, वार्ड नं. 15, चोटी बाजारी, चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा-127306.

**सम्मन**

चूंकि, ओए/1631/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार के समक्ष 07.02.2024 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 2450476.98/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :
(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;
(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;
(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं करेंगे;
(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और 01.06.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 08.02.2024 को जारी किया गया।
सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। |
| वृष | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है। |
| मिथुन | मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें। |
| कर्क | पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। |
| सिंह | व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है। |
| कन्या | अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| तुला | पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। |
| वृश्चिक | व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। |
| धनु | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। |
| मकर | आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी। |
| कुंभ | मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। |
| मीन | मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। |

## फतेहाबाद में प्रिंसिपल-टीचर-छेड़छाड़ मामला

# ट्रेनिंग पर डीएसपी, नहीं दर्ज हुए बयान

- स्कूल की म्यूजिक टीचर ने प्राचार्य पर लगाए थे भद्दे कमेंट कर परेशान करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव बड़ोपल में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य पर लगे म्यूजिक टीचर से छेड़छाड़ के मामले की जांच कर रही डीएसपी के छुट्टी पर जाने से सोमवार को स्कूल शिक्षिकाओं के बयान दर्ज नहीं हो पाए। म्यूजिक टीचर ने टीचर ने स्कूल प्राचार्य सांवरमल परर छह से भद्दे कॉमेट कर परेशान करने के आरोप लगाए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए व एससी-एसटी एक्ट की धारा जुड़ने से मामले की जांच डीएसपी जयपाल को सौंपी थी। जांच अधिकारी ने शनिवार को स्कूल में पांच टीचर्स के बयान दर्ज किए थे तथा बाकी टीचर्स के बयान दर्ज करने के लिए सोमवार का दिन निर्धारित किया किया था। इस मामले में पुलिस जांच के साथ केंद्रीय विद्यालय की सेक्सुअल हैरासमेंट कमेटी से भी रिपोर्ट मांगी गई है। प्राचार्य पहले ही इस मामले में स्वयं पर लगे आरोपों को नकार चुके हैं। ऐसे में जांच अधिकारी के अचानक ट्रेनिंग पर जाने के कारण हाई प्रोफाइल मामले में अब जांच को आगे बढ़ाने के लिए डीएसपपी के ट्रेनिंग से वापस लौटने व कमेटी की रिपोर्ट आने तक इंतजार करना होगा।

### डीएसपी देख रहे मामला

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच डीएसपी को सौंपी जा चुकी है। अचानक कार्यक्रम आने से डीएसपी को ट्रेनिंग पर जाना पड़ा, परंतु जांच पूरी होने से पहले कुछ भी कहना सही नहीं होगा। महिला थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग ने कहा कि फाइल डीएसपी साहब के पास है तथा वहीं मामले को देख रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**
**TENDER NOTICE**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railway, Ambala Cantt-133001 for and on behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for supply of the following items :-

| S. N. | Description | Qty |
|---|---|---|
| 1 | ब्लूटूथ के साथ रेल प्रोफाइल मापने के उपकरण (मिनीप्रोफ) की आपूर्ति। आरडीएसओ मिनिप्रोफ रेल द्वारा जारी विशिष्टता संख्या टीएम/एसएम-323 रेल प्रोइल माप उपकरण (मिनीप्रोफ) की विशिष्टता" के अनुसार रेल नापने की इकाई में शामिल हैं: 1. एनविजन सॉफ्टवेयर मोल्ड्यूल: कोर. माप और विश्लेषण (एकल उपयोगकर्ता स्थापना) 2. केबल के साथ सहायक उपकरण किट 3. चार्जर. 4. हल्के परिवहन केस, 5. टेलीस्कोपिक रोड. 6. घुमंतू पीडीए, स्वीकृत मेक: ग्रीनवुड इंजीनियरिंग या समकक्ष (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पे.: नहीं. स्टेज: 0) | 01 Set |
| 2 | विशिष्टता संख्या के अनुसार वारंटी अवधि के बाद मिनीप्रोफ का पांच साल का एएमसी शुल्क। टीएम/एसएम-323. लागत विवरण और विस्तृत विशेष शर्तें अनुबंध ए के रूप में संलग्न है। (निरीक्षण एजेंसी: CONSG स्टेज इंस्पे.: नहीं. स्टेज: 0) | 05 Set |

E-Tender No. : 98245239 Tender Closing date & Time: 28.05.2024, एवं 11.00 hrs.
EMD (IRs.) : 74160.00

Note : 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No Manual offer will be entertained.
E-Tender Notice No. सं0 98245239 Dated : 03.05.2024 1359/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5503



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु. उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली - 5502 का हल





प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली पिच अधिक टिकाऊ

सतह को स्थापित करने में 'यूनिवर्सल मशीन' महत्वपूर्ण घटक

# धर्मशाला में भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का अनावरण

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

धूमल ने कहा, ''इंग्लैंड में लाइर्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी।' प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती।



### पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर

पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके। टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए का आभार जताया। हाइब्रिड सतह को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण घटक 'यूनिवर्सल मशीन' है जिसे 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था और इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में समान पिचें बनाने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीसी ने टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है और योजना है कि इस साल से इनका इस्तेमाल चार दिवसीय काउंटी चैंपियनशिप में किया जाएगा।




### खेलने की परिस्थिति होगी नियंत्रित : टेलर

भारत में हालांकि अलग तरह की चुनौती है जहां एक शहर से दूसरे शहर के मौसम और परिस्थितियों में बड़ा बदलाव होता है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब एसआईएसग्रास के अंतरराष्ट्रीय बिक्री निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'आप (हाइब्रिड पिच पर) खेलने की परिस्थितियों को नियंत्रित कर सकते हैं क्योंकि वे मौलिक रूप से नहीं बदलते हैं। आप पिच में नमी की मात्रा को नियंत्रित कर सकते हैं। अगर आप सूखी पिच पर खेलना चाहते हैं, तो आप सूखी पिच पर खेल सकते हैं। अगर आप पिच पर अधिक घास छोड़ना चाहते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं।'

### बड़े बदलाव के संकेत

क्रिकेट के खेल में नई खोज और तकनीक से कई बदलाव आने के बावजूद पिच की तैयारी पारंपरिक ही रही है लेकिन अब 'हाइब्रिड पिचों' की शुरुआत ने इसमें भी धीरे-धीरे ही सही, बड़े बदलाव के संकेत दे दिए हैं। ब्रिटेन स्थित हाइब्रिड पिच निर्माता 'एसआईएसग्रास' इस नवाचार में सबसे आगे है और कंपनी के लिए सबसे बड़ी चुनौती किसी मैच के दौरान इस तरह की पिचों पर खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार रखने की होगी। 'एसआईएसग्रास' ने हालांकि इस कार्य को पूरा करने में विश्वास व्यक्त किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1669 चौके

961 छक्के

## खबर संक्षेप




### रुबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

मैड्रिड। बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रेइ रुबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रुबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था।' नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे।

### आमिर के आयरलैंड जाने में होगा विलंब

लाहौर। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान



क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है। सूत्र ने कहा, '2010 के स्पॉट फिक्सिंग मामले और इसके बाद जेल की सजा और प्रतिबंध के कारण अब भी उसे वीजा जारी करने की प्रक्रिया चल रही है।'

### स्कॉटलैंड की टी20 टीम में व्हील, जोन्स की वापसी

एडिनबर्ग। माइकल जोन्स और ब्रैड व्हील की स्कॉटलैंड की 15 सदस्यीय टी20 विश्व कप टीम में वापसी हुई है, जबकि समरसेट के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश डेवी इसमें जगह बनाने से चूक गए। डरहम और हैम्पशर का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रमशः जोन्स और व्हील को इस महीने की शुरुआत में नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए स्कॉटलैंड की टीम से बाहर रखा गया था। इन दोनों को अगले महीने अमेरिका में होने वाली वैश्विक प्रतियोगिता के लिए उनकी काउंटी टीमों ने मंजूरी दे दी है।

## हैदराबाद को 7 विकेट से दी मात, हार्दिक-चावला को 3-3 विकेट

# सूर्या की आक्रामक शतकीय पारी से मुंबई ने सनराइजर्स को हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में 102 रन की नाबाद पारी के अलावा चौथे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 79 गेंद में 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। सनराइजर्स को आठ विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद मुंबई इंडियंस ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। मुंबई की यह 12 मैचों में यह चौथी जीत है। सनराइजर्स की यह 11 मैचों में पांचवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। मुंबई ने पांचवें ओवर में 31 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 12 चौके और छह छक्के लगाकर टीम को दबाव में नहीं आने दिया। तिलक ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके लगाये। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (48) के बाद मुश्किल हालात में कप्तान पैट कमिंस की 17 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। 17वें ओवर में 136 रन पर आठवां विकेट गंवा दिया था लेकिन कमिंस ने दो चौके और दो छक्के जड़ने के साथ नौवें विकेट के लिए सनवीर सिंह (नाबाद आठ) के साथ 19 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को संघर्ष करने लायक लक्ष्य तक पहुंचाया। हेड ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। मुंबई के लिए अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (33 रन पर तीन विकेट) और कप्तान हार्दिक पंड्या (31 रन पर तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) एक बार फिर किफायती रहे तो वहीं अपने पदार्पण मैच में अंशुल कंबोज (42 रन पर एक विकेट) ने प्रभावित किया। लक्ष्य का बचाव करते हुए सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शुरुआती तीन ओवर में 18 अतिरिक्त रन दिये लेकिन इस बीच दूसरे ओवर में मार्को यानसेन (45 रन पर एक विकेट) ने इशान किशन (नौ) को पवेलियन की राह दिखायी। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये कमिंस (35 रन पर एक विकेट) ने रोहित शर्मा (चार) को विकेटकीपर हेनरिच क्लासेन के हाथों कैच कराया। अगले ओवर में भुवनेश्वर कुमार (22 रन पर एक विकेट) ने नमन धीर को आउट किया। धीर नौ गेंद की पारी में खाता भी नहीं खोल सके। सूर्यकुमार यादव ने इसी ओवर में चौके के साथ दबाव कम किया। तिलक वर्मा ने छठे ओवर में कमिंस के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाया जिससे पावर प्ले में टीम ने तीन विकेट पर 52 रन बना लिये।




### हैदराबाद-173/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हेड का तिलक बो चावला | 48 |
| अभिषेक का इशान बो बुमराह | 11 |
| मयंक अग्रावाल बो कंबोज | 05 |
| नितीश का कंबोज बो हार्दिक | 20 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 02 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 |
| शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक | 10 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 03 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 08 |

अतिरिक्तः 14
कुल योगः (20 ओवर में आठ विकेट पर)173 रन
विकेट पतनः 1-56, 2-68, 3-90, 4-92, 5-96 , 6-120 , 7-124, 8-136
गेंदबाजीः तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

### मुंबई-174/3 (17.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का मयंक बो यानसेन | 09 |
| रोहित का क्लासेन बो कमिंस | 04 |
| नमन का यानसेन बो भुवनेश्वर | 00 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 102 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 |

अतिरिक्त 22
कुल योगः (17.2 ओवर में तीन विकेट पर) 174 रन
विकेट पतनः 1-26, 2-31, 3-31
गेंदबाजीः भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3.2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0



### दिल्ली और राजस्थान का मुकाबला आज

नई दिल्ली। आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं। ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है।

## भारतीय रिले टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई




एजेंसी ▶▶| नासाउ

भारतीय महिला और पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रुपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरुष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही।

### टी20 विश्व कपः भारतीय टीम की नई जर्सी लांच

मुंबई। अगले महीने टी20 विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह मेजबानी में होने वाले इस विश्व कप को लेकर सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस टी20 विश्व कप में टीम इंडिया नई जर्सी में उतरेगी। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया की नई जर्सी लांच कर दी है। बीसीसीआई ने नई जर्सी को लांच करने के लिए खास अंदाज अपनाया।

### महिला टी20 : भारत ने बांग्लादेश को हराकर दर्ज की लगातार चौथी जीत

सिलहट। कप्तान हरमनप्रीत कौर की उम्दा पारी के बाद दीप्ति शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से भारत ने वर्षा से प्रभावित 14 ओवर के चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 56 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बनाई। भारत ने हरमनप्रीत (39) और रिचा घोष (24) के बीच चौथे विकेट की 44 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 122 रन बनाए।


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

751. श्री तेजपाल सुपुत्र श्री रघुबीर सिंह, गुलाबी बाग, रेवाड़ी, 752. श्रीमति अंजलि पुत्री श्री अजमेर सिंह, मन्डोली कलां, भिवानी, 753. श्री सअंतर कंवर सुपुत्र श्री मदन सिंह, गांव खैरानी, डा. रांता मला, तह. अटेली, महेन्द्रगढ़, 754. श्री रामबीर सुपुत्र श्री सतबीर सिंह, म. नं. 247, लेधा हेतवान, भिवानी, 755. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र श्री शिशराम, विरही कलां, तह. चरखी दादरी, भिवानी, 756. श्री पुष्पा सुपुत्री श्री सुनील कुमार, गांव काकोड़िया, रेवाड़ी, 757. श्री ओमप्रकाश सैनी सुपुत्र श्री रामस्वरूप सैनी, आदर्श नगर, बाय पीजी कालेज, तह. नारनौल, महेन्द्रगढ़, 758. ओम कुवार सुपुत्र श्री मांगेराम शेर विहार कॉलोनी, वार्ड नं. 22 भिवानी चुंगी, रोहतक, 759. श्रीमति मंतया सुपुत्री श्री सत्यनारायण, म.नं. 55, गली नं. 3, नियर न्यू डिस्पेंसरी, पटेल नगर, सोनीपत, 760. श्री जावेद सुपुत्र श्री तूफा प्रवीन, न्यू उत्तम नगर कॉलोनी, भिवानी, 761. श्री सतीश सुपुत्र श्री कंवर सिंह, गांव जाहिदपुर, तह. कोसली, रेवाड़ी, 762. श्री जयभगवान सुपुत्र श्री कृष्ण कुमार शर्मा, वार्ड नं. 18, नियर पंचायत घर तिगडाना, भिवानी, 763. श्री देवेंद्र सिंह बेरिवाल, सुपुत्र श्री महेन्द्र सिंह बेरिवाल, रेलवे स्टेशन तह. कोसली, नहेड़ा रोड, रेवाड़ी, 764. श्री राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री मेघराज सुथार, गांव व डा. दिनोद, भिवानी, 765. ठेकेदार नरपाल सुपुत्र श्री जीवन सिंह, गांव व पो. मानेहरू, भिवानी, 766. श्री संदी सुपुत्र श्री कर्ण सिंह, ब्रह्मा कॉलोनी, जीतू वाला जोहड, भिवानी, 767. श्री जलीन कुमार कटारिया सुपुत्र श्री मदनलराल कटारिया, प्रेम गली, तह. नारनौल, महेन्द्रगढ़, 768. श्री राजकुमार सुपुत्र श्री विजयसिंह, गांव व डा. गुरावाडा, तह. पाल्हावास, रेवाड़ी, 769. रोहित कुमार सुपुत्र सतीश पता : जुलाना, जींद 126101, 770. बलराम रोहिला सुपुत्र विरेंद्र सिंह रोहिला गांव व डा. बिरड़, मातनहेल, झज्जर 124146, 771. दक्ष सुपुत्र अनूप सिंह गांव व डा. डाबला झज्जर 124103, 772. श्री गजराज सिंह सुपुत्र श्री अमर सिंह, सूर्या नगर, खुर्दभिवानी, 773. जगराम यादव सुपुत्र श्री सोहन लाल यादव गांव सिहोर डा. कनीना महेंद्रगढ़।

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-

फोन : 9253681019, 9253681020



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 179 दिनांक 01.05.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम - सत्यनारायण
पता- कृपाल नगर जिला रोहतक।
उम्र- 64 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, सफेद बाल, काली आंखे।
पहनावा - सफेद चैकदार शर्ट ग्रे कलर की पैंट पैरों में हवाई चप्पल पहनें हुए।

दिनांक 01.05.24 को सत्यनारायण निवासी कृपाल नगर जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक-8168948031

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 180 दिनांक 01.05.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम - सुमन
पता- फतेहपुरी कालोनी, जिला रोहतक।
उम्र- 29 वर्ष
कद- 5 फुट व 2ईंच
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे ।
पहनावा - हरा सूट- सलवार पहने हुए, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए, गले में हरे रंग की चुन्नी।

दिनांक 01.05.24 को सुमन निवासी फतेहपुरी कालोनी, जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी. रोहतक- 9466552082

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 296 दिनांक 01.05.24 धारा 365 IPC थाना शहर जिला रोहतक



गुमशुदा की पहचान
नाम - संजू
पिता/पति का नाम - पुत्री राम बाबू राय
पता - श्याम कालोनी जिला रोहतक।
उम्र- 16.5 वर्ष
कद- 04 फुट 10 ईंच
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे ।
पहनावा - नीले रंग की फ्राक सूट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 01.05.24 को संजू पुत्री राम बाबू राय निवासी श्याम कालोनी थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466235808

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 252 दिनांक 01.05.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी, जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम - मनिषा कुमारी
पिता/पति का नाम – पत्नी सुरेश
पता- जनता कालोनी जिला रोहतक ।
उम्र- 33 वर्ष
कद- 5 फुट 3 इंच
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, ठोडी पर निशान चोट।
पहनावा - सफेद रंग का सूट सलवार व काला पजामा व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 01.05.24 को मनिषा कुमारी पत्नी सुरेश विजेन्द्र निवासी जनता कालोनी जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी, रोहतक - 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी, रोहतक- 9812856278

पीआरडीएच-1084/11/2327/2025/26241/88/6 दि. 06.05.24



## प्रपत्र सं. 3
[नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/1336/2023
[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।]
ईएक्सएच. नं. : 21523
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
अनिल कुमार

सेवा में,
(1) प्रतिवादी नं. 1 -
अनिल कुमार पुत्र श्री महादेव, निवासी 866, सर छोटूराम कॉलोनी, निकट निरंकारी भवन, जिला हिसार, हरियाणा-125001.
पैन नं. ELZPK5950H.
(2) प्रतिवादी नं. 2 -
सरस्वती बिश्नोई पत्नी श्री महादेव, निवासी 866, सर छोटूराम कॉलोनी, निकट निरंकारी भवन, जिला हिसार, हरियाणा-125001.

**सम्मन**

चूंकि, ओए/1336/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार के समक्ष 13.12.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 4778949/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :
(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;
(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;
(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं करेंगे;
(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और 06.06.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 28.12.2023 को जारी किया गया।

सम्मन जारी करने के लिये
प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

चिंतन

# चीनी राष्ट्रपति के फ्रांस दौरे पर नजर रखे भारत

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग यूरोप के तीन देशों –फ्रांस, सर्बिया व हंगरी की यात्रा ऐसे समय में कर रहे हैं, जब यूक्रेन व रूस के बीच जंग जारी है, और रूस ने पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु हथियारों का अभ्यास करने का ऐलान किया है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का एक मकसद रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की समाप्ति के लिए फ्रांस से सहयोग प्राप्त करना है। शी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैकों से मुलाकात में रूस व यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठाया है। एक समय फ्रांसीसी राष्ट्रपति रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म कराने के लिए चीन की मदद चाहते थे, वर्ष 2023 की अप्रैल में राष्ट्रपति मैक्रों चीन भी गए थे, पर चीन ने उतनी उत्सुकता नहीं दिखाई थी। चीन रूस को हथियार बनाने के लिए उपकरणों की आपूर्ति कर रहा है, इससे फ्रांस खफा है। रूस के साथ खड़े होने से चीन की छवि यूरोप में नकारात्मक बनी हुई है। शी का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती अपने चरम पर है। इस वक्त रूस के बाद फ्रांस ही है जो भारत के गहरे दोस्त हैं। चीन की कोशिश फ्रांस को अपने पाले में लाने की है। इसलिए भारत को चौंकन्ना रहने की जरूरत है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का दूसरा अहम मकसद यूरोप में चीन के खिलाफ जारी तनाव को खत्म करना है। फ्रांस यूरोप का गेटवे है, इसलिए फ्रांस के चीन के राजनयिक संबंध के 60 साल पूरे होने के अवसर को शी चिनफिंग ने पेरिस की यात्रा के लिए चुना है। यूरोप में चीन को लेकर पूरे इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय यूनियन ने पिछले सप्ताह ही चीन के विंड टर्बाइन और मेडिकल उपकरणों की जांच शुरू करवाई है। यही नहीं चीन के सुरक्षा उपकरणों को बनाने वाली कंपनी नूकटेक के कार्यालयों पर छापा मारा है। चीन ने फ्रांस से अपील की है कि वह यूरोपीय यूनियन को चीन के प्रति सकारात्मक और व्यवहारिक नीतियां बनाने के लिए मदद करे। शी को लगता है कि यूरोप में चीन की छवि सुधारने में फ्रांस उसकी मदद कर सकता है। यूरोप को साधने के साथ-साथ चीन के निशाने पर भारत भी है, जिसने हाल के दिनों में फ्रांस से बड़े पैमाने पर हथियार और फाइटर जेट खरीदा है। भारत ने फ्रांस से राफेल जेट, स्कॉर्पिन पनडुब्बी, हेलीकॉप्टर और कई किलर मिसाइलें खरीदी हैं। पीएम मोदी जुलाई 2023 में फ्रांस के दौरे पर गए थे और उसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों भारत आए थे। गणतंत्र दिवस पर मैक्रों ही मुख्य अतिथि थे। भारत और फ्रांस मिलकर आर्मेनिया की मदद कर रहे हैं। फ्रांस ने पीएम मोदी को ग्रेट क्रॉस ऑफ द लेगिआन से सम्मानित किया है। मोदी पहले ऐसे भारतीय पीएम हैं जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। इससे पता लगता है कि फ्रांस भारत के साथ अपने रिश्ते को कितना तवज्जो दे रहा है। चीन की रणनीति भारत के पड़ोसी देशों से मधुर संबंध बना कर भारत के लिए सीमाई तनाव क्रिएट करने की रही है। इस कड़ी में चीन ने नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किए हैं। अब चीन की नजर यूरोप पर है। यूरोप के तमाम देशों से भारत के संबंध प्रगाढ़ हैं। भारत और यूरोपीय देश सहज मित्र देश हैं, जबकि यूरोप में चीन की छवि खराब है। फ्रांस में तिब्बती समूह ने चीनी राष्ट्रपति के खिलाफ अपना विरोध जताया है। चीनी राष्ट्रपति की इस फ्रांस यात्रा को भारत को सामरिक व कूटनीतिक दृष्टि से गंभीरता से लेना चाहिए।



विश्लेषण
अरविंद जयतिलक

# पाक के दमन से उबलता पीओके

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पीओके के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद खुद भारत में शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके को भारत लेकर रहेंगे। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के जो हालात हैं, उसमें ऐसा लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं, जब वहां के लोग पाक हुक्मरान के खिलाफ बगावत कर भारत में मिलने के लिए जान की बाजी लगा दें। भले ही पाकिस्तान और उसके हुक्मरान पीओके को आजाद कश्मीर का तमगा दें लेकिन सच यही है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर हो चुका है। यहां के लोग पाकिस्तानी सेना के अत्याचार और दमन से इस कदर पीड़ित हैं कि वे अतिशीध्र भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं, लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार के खिलाफ अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत ने मन बना लिया है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। यहां ध्यान रखना होगा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाक सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की फौज पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। पीओके में बढ़ते अत्याचार और मानव अधिकारों को लेकर हो रहे प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की फजीहत बढ़ रही है। इससे बचने के लिए कभी पाक प्रधानमंत्री मुजफ्फराबाद का दौरा कर रहे हैं तो कभी भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दुनिया का ध्यान बंटा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि उसके हाथ से अब पीओके सरक रहा है।

दरअसल, पीओके मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में अवैध घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था, जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टूबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में




होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के शिनझियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया। इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पीओके ही कहा जाता है। भारत की तत्कालीन नेहरू सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली वेष में फौज भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरूप पीओके सहित पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य पर भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ। संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गई है, वह भारत का है, लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरूप को योजनाबद्ध तरीके से बदल रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है। नतीजतन बाहर से आए लोगों का बोलबाला बढ़ रहा है और स्थानीय मूल समाज हाशिए पर जा पहुंचा है। दुनिया को यह पता है कि यहां पाक सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को प्रशिक्षित कर रही है। यहां 1947 से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की भारत विरोधी आतंकी नीति ही जिम्मेदार है। यहां समझना होगा कि पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर को हड़पना है। उसकी परराष्ट्र नीति का मूल प्रेरणा स्त्रोत भारत का भय और उसके निवारण के लिए मित्रों की खोज करना है। इसीलिए वह बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर का मसला उठाकर भारत को विश्व बिरादरी से अलग-थलग करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह कश्मीर में आतंक का समर्थन करता है और आतंकियों के मारे जाने पर उसकी आड़ में भारत के खिलाफ मानवाधिकार हनन का दुष्प्रचार करता है। पाक की विदेश नीति पर एक तत्व हावी है, वह है-भारत विरोध की नीति। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ रही है, क्योंकि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ कंधा जोड़ने को तैयार है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जीपीटी-5 व लामा-3
शैलजा सिंह



# अगली पीढ़ी के चैटबॉट्स...

हाल ही में, ओपनएआई के चैटजीपीटी एआई-संचालित चैटबॉट और मेटा के लामा सिस्टम के नियोजित अपग्रेड के बारे में प्रचार-प्रसार हुआ है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कंपनी के चैटबॉट्स को शक्ति प्रदान करता है। इन प्रणालियों के पीछे की तकनीक को बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। ये कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क हैं, एक प्रकार का एआई जिसे मानव मस्तिष्क की नकल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वे चैटबॉट्स के लिए सामान्य प्रयोजन पाठ उत्पन्न कर सकते हैं, और अवधारणाओं को वर्गीकृत करने, डेटा का विश्लेषण करने और पाठ का अनुवाद करने जैसे भाषा प्रसंस्करण कार्य कर सकते हैं। वे इन क्षमताओं को प्रशिक्षण नामक एक गहन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त करते हैं, जहां एआई सिस्टम जो करता है उसे बेहतर बनाने के प्रयास में बड़ी मात्रा में डेटा के संपर्क में आता है। उम्मीद है कि ओपनएआई और मेटा 2024 की गर्मियों के अंत से पहले अपने चैटबॉट्स के नए संस्करण जारी करेंगे - जिन्हें क्रमशः जीपीटी-5 और लामा 3 कहा जाता है। ये अपने पूर्ववर्तियों से भिन्न होंगे।

अपने पूर्ववर्ती जीपीटी-4 की तरह, जीपीटी-5 छवियों और पाठ को समझने में सक्षम होगा। उपयोगकर्ता इससे किसी छवि का वर्णन करने के लिए कह सकेंगे, जिससे दृष्टिबाधित लोगों के लिए यह अधिक सुलभ हो जाएगा। जीपीटी-5 में विभिन्न भाषाओं के साथ बेहतर क्षमताएं होंगी, जिससे गैर-अंग्रेजी बोलने वालों के लिए सिस्टम के साथ संवाद करना और बातचीत करना संभव हो जाएगा। इसमें भाषा अनुवाद की अधिक निपुणता शामिल है। अपग्रेड में संवाद के संदर्भ की व्याख्या करने और भाषा की बारीकियों की व्याख्या करने की बेहतर क्षमता भी होगी। जीपीटी-5 में अधिक उन्नत तर्क क्षमताएं होंगी, जिसका अर्थ है कि यह अधिक जटिल डेटा सेट का विश्लेषण करने और अधिक परिष्कृत समस्या-समाधान करने में सक्षम होगा। यह तर्क एआई प्रणाली को नए अनुभवों से सीखकर निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा। यह अधिक सटीक जानकारी प्रदान करने में सक्षम होगा। जीपीटी-5 एक समय में 50,000 शब्दों तक प्रोसेस कर सकता है, जो जीपीटी-4 की तुलना में दोगुना है, जिससे यह बड़े दस्तावेज़ों को संभालने के लिए और भी बेहतर होगा। इसमें उच्च स्तर की भावनात्मक बुद्धिमत्ता होगी, जो उपयोगकर्ताओं के साथ अधिक सहानुभूतिपूर्ण संवाद में मददगार होगी। यह ग्राहक सेवा सहित कई सेटिंग्स में उपयोगी हो सकता है। जीपीटी-5 जानकारी को खोजने और पुनः प्राप्त करने के तरीके की सटीकता में भी महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित करेगा, जिससे यह सीखने के लिए अधिक विश्वसनीय स्रोत बन जाएगा। जीपीटी-5 उस इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ अधिक संगत होगा, जहां घर व अन्य जगहों पर डिवाइस जुड़े होते हैं और जानकारी साझा करते हैं। इसे उद्योग 5.0 नामक अवधारणा का समर्थन करने में भी मदद करनी चाहिए, जहां मनुष्य और मशीनें एक ही कार्यस्थल के भीतर परस्पर क्रिया करते हैं। जीपीटी-5 में अधिक मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल होंगे जो इस संस्करण को दुर्भावनापूर्ण उपयोग और गलत प्रबंधन के खिलाफ अधिक मजबूत बनाएंगे।

लामा-3 मेटा का जीपीटी-5 का प्रतिस्पर्धी है। इसमें अपने पूर्ववर्ती लामा-2 की तुलना में कई सुधार हैं। यह एक अधिक सक्षम मॉडल है जो अंततः अपने पूर्ववर्ती लामा-2 के अधिकतम 70 अरब मापदंडों की तुलना में 400 अरब मापदंडों के साथ आएगा। मशीन लर्निंग में, पैरामीटर एक शब्द है जो एआई सिस्टम में एक वेरिएबल का प्रतिनिधित्व करता है जिसे प्रशिक्षण प्रक्रिया के दौरान समायोजित किया जा सकता है, ताकि सटीक भविष्यवाणियां करने की क्षमता में सुधार हो सके। लामा-3 मल्टीमॉडल भी होगा, जिसका अर्थ है कि यह टेक्स्ट, छवियों और वीडियो को संसाधित करने और उत्पन्न करने में सक्षम है। यह अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में कार्य करने में सक्षम होगा और इसमें लामा 2 की तुलना में बड़ी संदर्भ विंडो होगी। एक संदर्भ विंडो पाठ की उस सीमा को दर्शाती है जिसे एलएलएम सूचना उत्पन्न होने के समय संसाधित कर सकता है। इसका तात्पर्य यह है कि जब मॉडल को भविष्यवाणियां करने और प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करने के लिए कहा जाएगा तो वह कम समय के भीतर पाठ या डेटा के बड़े हिस्से को संभालने में सक्षम होगा। मेटा गूगल क्लाउड सहित कई अन्य अनुप्रयोगों के साथ काम करने में सक्षम होने के लिए लामा-3 को कई अलग-अलग संस्करणों में लॉन्च करने की योजना बना रहा है। मेटा ने घोषणा की कि सबसे उन्नत संस्करण की रिलीज़ से पहले, लामा-3 के और अधिक बुनियादी संस्करण जल्द ही लॉन्च किए जाएंगे, जो अगली गर्मियों में होने की उम्मीद है। चैटबॉट्स की इस नई पीढ़ी में परिवर्तन न केवल जेनरेटिव एआई में क्रांति ला सकता है, बल्कि मानव-मशीन इंटरैक्शन में एक नए युग की शुरुआत भी कर सकता है जो वैश्विक स्तर पर उद्योगों और समाजों को बदल सकता है।

(लेखिका टेकविद् और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## अंतर्मन

चुनावी अफीम




## आज की पाती

### स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व

अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। दूषित जल के कारण लोगों की जो सेहत खराब होती है, उसके लिए कौन जिम्मेवार है, सरकार, प्रशासन या फिर आम जन? दूषित जल के लिए तो सरकार और प्रशासन ही ज्यादा जिम्मेवार हैं, क्योंकि आम जन को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना मुख्य होता है। लेकिन हमारे देश के सत्ताधारियों की आदत बन चुकी है आग लगने के बाद कुआं खोदने की। कई बार तो कुआं खोदने की भी कोशिश नहीं करते, बस लापरवाहियों पर शिकंजा कसने का आश्वासन देकर अगली लापरवाही तक लंबी तान कर सो जाते हैं। सरकार को ऐसे भरसक प्रयास करने चाहिए कि आम जन को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। – *पवन सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### रायबरेली भी तैयार



राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी में किन लोगों ने उन्हें धोखा दिया है। वे किसे सबक सिखाना चहाते हैं। और अब वे अमेठी में अपमानित को क्यों अपमानित कर रहे हैं। रायबरेली भी उन्हें हराने के लिए तैयार हैं।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### प्रबुद्ध लोगों की धरा



प्रधानमंत्री जी पीरजादा है इसलिए शहजादा बोल रहे है। वे पीरजादे यानि बुजुर्ग है। हम छोटे लोगों को कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन झूठ अधिक बोलते हैं। मिथिला की धरती प्रबुद्ध लोगों की धरा है यहां के लोग बेकार की नहीं काम की बात सुनते हैं।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### कैसे मदद कर सकते हैं



इसका नाम नाम जसप्रीत है। कुल्चे बेचता है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुझे विश्वास है, वह दिल्ली के तिलक नगर में है। यदि किसी के पास उनका संपर्क नंबर हो तो कृपया इसे साझा करें ताकि पता लगाएं कि इसकी शिक्षा में कैसे मदद कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### लोगों को हंसाया



अपनी कुछ तस्वीरें देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि स्थिर मन के सामने मेरा व्यवहार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा है। आइए बस एक टंडी गोली लें और कुछ वीडियो दोबारा देखें, जिन्होंने अन्य लोगों को हंसाया है।

-काजोल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

### सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा करने तैयार

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 58 साल की उम्र में मंगलवार को बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वह बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरेंगी जिसे फ्लोरिडा में केप केनवेरल के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से छोड़ा जाएगा। स्टारलाइनर विलियम्स और बुच विलमोर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र लेकर जाएगा जो संकटग्रस्त बोइंग कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण और बहु–प्रतीक्षित सफलता हो सकती है। अंतरिक्ष यान सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात 10:34 बजे (मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 8:04 बजे) रवाना होगा। 'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (बीबीसी) ने विलियम्स के हवाले से कहा, 'हम सभी यहां हैं क्योंकि हम सभी तैयार हैं। हमारे दोस्तों और मित्रों ने इसके बारे में सुना है और हमने इसके बारे में बात की है और वे खुश तथा गौरवान्वित हैं कि हम इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं।' अंतरिक्ष यान के विकास में कई झटकों के कारण इस अभियान में कई वर्षों की देरी हुई है। अगर यह कामयाब हो जाता है तो एलन मस्क की 'स्पेसएक्स' के साथ यह दूसरी निजी कंपनी बन जाएगी जो चालक दल को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम होगी।



## ऑफ बीट

### पेड़ों पर छाल क्यों होती है? इसका क्या काम होता है

छाल पेड़ों को विविध सामग्री चारों ओर ले जाने में मदद करती है। कई पेड़ों की छाल दो अलग–अलग चीजों से बनी होती है। पहली चीज़ को फ्लोएम कहा जाता है और यह काफी जटिल चीज़ है। इसका मुख्य काम शर्करा और हार्मोन जैसे रसायनों को पेड़ के ऊपर, नीचे और आसपास पहुंचाना है। वास्तव में, फ्लोएम पेड़ के चारों ओर पौधे के लिए आवश्यक किसी भी चीज़ को स्थानांतरित कर सकता है। यह एक बहुत अच्छा कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। दूसरी चीज़ को कॉर्क कहते हैं और कई पेड़ों में फ्लोएम और कॉर्क एक साथ मिले होते हैं. कॉर्क पेड़ को हानिकारक कीड़ों और कवक से बचाने में मदद करता है। यह पेड़ के कुछ हिस्सों को बहुत अधिक गर्म या बहुत ठंडा होने से बचाने में भी मदद करता है। हमारी तरह, पेड़ भी सही तापमान पर सबसे अच्छा काम करते हैं। तो यह सुरक्षा एक महत्वपूर्ण कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। कुछ पेड़ों की छाल पतली चिकनी होती है जो हर साल झड़ जाती है। अन्य पेड़ों की छाल मोटी, रोएँदार या झुर्रीदार होती है जो महीनों या कई वर्षों में टुकड़ों में झड़ती है। जैसे–जैसे पेड़ बड़ा होता जाता है, छाल नियमित रूप से बदलती रहती है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### गोपाल कृष्ण गोस्वामी का वृंदावन में संस्कार

**मथुरा (एजेंसी)।** इस्कॉन गवर्निंग कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी का सोमवार को वृंदावन में अंतिम संस्कार किया गया। गोपाल कृष्ण गोस्वामी को उनके अनुयायीयों ने इस्कॉन गोशाला में समाधि दी। 6 मई की सुबह 10 बजे इस्कॉन से जुड़े अनुयायी उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर वृंदावन पहुंचे।



### भारत के समंदर में पकड़ा ईरानी जहाज

**केरल(एजेंसी)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने रविवार की देर रात केरल के तट से दूर बेपोर के पश्चिम में 6 भारतीय चालक दल के साथ मछली पकड़ने वाले एक ईरानी जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। हिरासत में लिए गए जहाज को चालक दल के साथ सोमवार को आगे की जांच के लिए सुरक्षित रूप से कोच्चि लाया गया है। समुद्री सुरक्षा और कल्याण को कायम रखना आईसीजी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### बदरीनाथ के मुख्य पुजारी रावल का टिहरी राज परिवार ने किया पट्टाभिषेक

**नई टिहरी (भाषा)।** टिहरी राजवंश ने नरेंद्रनगर राजमहल में श्री बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी का सोमवार को पट्टाभिषेक करके इस ऐतिहासिक परंपरा को 47 साल बाद पुनर्जीवित किया। जानकारी के अनुसार, इससे पूर्व आखिरी बार बदरीनाथ धाम के रावल टी केशवन नंबूदरी का 1977 में पट्टाभिषेक किया गया था। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को दर्शन के लिए खोले जा रहे हैं।

### भारत-घाना में भुगतान प्रणालियों को जोड़ने पर बन गई सहमति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे।

---

**सुको नाराज: महाराष्ट्र सरकार को दिया आदेश**

# मुंबई दंगा मामले में जारी निर्देशों को जल्द लागू करें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख तय की
- न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करें





सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार को 1992-93 के मुंबई दंगा मामले में जारी अपने निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों में 1992 के मुंबई दंगों के लापता पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देना और पुलिस सुधार करना शामिल है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने और बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। एक पहलू पर विचार करते हुए, पीठ ने कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और प्रशासन उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करने के लिए बाध्य है। राज्य सरकार ने 25 जनवरी, 1993 को मुंबई की परिस्थितियों, घटनाओं और तात्कालिक कारणों जैसे पहलुओं से निपटने के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण की अध्यक्षता में जांच आयोग अधिनियम के तहत एक आयोग का गठन किया था। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद 6 दिसंबर 1992 को और उसके बाद दंगे हुए।

■ महाराष्ट्र सरकार ने 2022 में आयोग की सिफारिशों को स्वीकार किया था

#### एक माह में रजिस्ट्रार जनरल को विवरण देने को कहा

पीठ ने नोट किया था कि आयोग की सिफारिशों को राज्य सरकार ने 2022 में स्वीकार कर लिया था, ने अपने फैसले में कई निर्देश जारी किए। राज्य सरकार आज से एक महीने के भीतर बॉम्बे हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निष्क्रिय फाइलों पर 97 मामलों का विवरण प्रदान करेगी। विवरण प्राप्त होने पर, प्रशासनिक पक्ष की ओर से उच्च न्यायालय उन संबंधित न्यायालयों को आवश्यक संचार जारी करेगा जिनमें आरोपी का पता लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए मामले लंबित हैं। राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे।' इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की।

---

### एक लाख फिलिस्तीनियों को दूसरी जगह भेजेगी राफा छोड़ने लगे लोग

# राफा पर हमले करने के लिए तैयार इजराइली सेना

एजेंसी ▶▶| राफा



इजराइली डिफेंस फोर्सेस ( आईडीएफ) राफा में मिलिट्री ऑपरेशन शुरू करने के लिए तैयार है। हमले से पहले इजराइल ने फिलिस्तीनियों को राफा छोड़ने के लिए कहा है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने कहा है कि वो राफा से 1 लाख लोगों को निकालेंगे। एसोसिएट प्रेस के मुताबिक इजराइली सेना ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है, जिसमें फिलिस्तीनियों से एक दूसरे इलाके मुवासी जाने को कहा गया है। मुवासी इजराइल की ओर से घोषित सुरक्षित इलाका है। आईडीएफ ने कहा है कि मुवासी में मदद बढ़ाई है, जिसमें फील्ड अस्पताल, टेंट, भोजन और पानी शामिल है। दरअसल, इजराइल ने देर रात राफा पर बमबारी की, जिसमें 22 लोगों की मौत हुई। इसमें 8 बच्चे भी शामिल थे। वहीं,आईडीएफ ने राफा खाली करने की घोषणा उस वक्त की है, जब इजराइल-हमास के बीच सीजफायर को लेकर समझौता कराने की कोशिश जारी है।

#### सीजफायर के लिए इजराइल पहुंचे सीआईए डायरेक्टर

राफा पर इजराइल के मिलिट्री ऑपरेशन के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर विलियम बर्न्स सोमवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। वे समझौते पर विफल हुई बातचीत को वापस शुरू करवाने की कोशिश करेंगे। अमेरिका, कतर और मिस्र लंबे समय से इजराइल- हमास के बीच युद्धविराम कराने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि दोनों पक्षों के बीच समझौते पर सहमति नहीं बन पा रही है।

### कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस में एसआईटी ने हेल्पलाइन बनाई

**बेंगलुरु (भाषा)।** बेंगलुरु (भाषा) एक महिला के कथित अपहरण और उसे गैरकानूनी तरीके से बंधक बनाने के संबंध में जनता दल (सेक्यूलर) विधायक एच डी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को बेंगलुरु के बसवनगुडी में उनके आवास पर घटनास्थल का निरीक्षण किया। रेवन्ना के परिवार की अनुपस्थिति में एसआईटी दल ने मौके का मुआयना करने के लिए उनके वकील गोपाल को तलब किया। एसआईटी ने दो दिन पहले हासन जिले के होलेनारासिपुरा में विधायक के आवास का निरीक्षण किया था। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र रेवन्ना दो मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं।

### एसआईटी ने रेवन्ना के आवास का निरीक्षण किया

**बेंगलुरु (भाषा)।** एक महिला के कथित अपहरण और उसे गैरकानूनी तरीके से बंधक बनाने के संबंध में जनता दल (सेक्यूलर) विधायक एच डी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को बेंगलुरु के बसवनगुडी में उनके आवास पर घटनास्थल का निरीक्षण किया। रेवन्ना के परिवार की अनुपस्थिति में एसआईटी दल ने मौके का मुआयना करने के लिए उनके वकील गोपाल को तलब किया। एसआईटी ने दो दिन पहले हासन जिले के होलेनारासिपुरा में विधायक आवास का निरीक्षण किया था।

### केरलः एनआईटी में छात्र ने की आत्महत्या

**कोझिकोड (भाषा)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के कोझिकोड परिसर में सोमवार को एक छात्र ने कथित रूप से एक इमारत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। कुन्नामंगलम पुलिस ने बताया है कि मृतक की पहचान योगेश्वर नाथ के रुप में हुई है जो केरल का मूल निवासी नहीं था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लगता है। इमारत से छलांग लगाने के बाद छात्र इमारत के पास मृत अवस्था में पाया गया।

### ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ सोरेन ने अब शीर्ष अदालत का किया रुख

**नई दिल्ली (भाषा)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका राज्य उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और उसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।




## आग बुझाने में जुटी फायर ब्रिगेड



### पौड़ी में वनाग्नि बुझाने में हेलीकॉप्टर की मदद ली, एनडीआरएफ की तैनाती होगी

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में धधक रहे जंगलों की आग बुझाने के लिए सोमवार को वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई जबकि वनाग्नि से अति प्रभावित पौड़ी और अल्मोड़ा जिलों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तैनाती करने का निर्णय भी राज्य सरकार ने लिया है। गढ़वाल के प्रभागीय वन अधिकारी स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान के अनुरोध पर जिले में जंगलों की आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई।

#### आग लगाने के आरोप में 3 पकड़े

चमोली जिला पुलिस ने गैरसैंण क्षेत्र में आग लगाने और सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी पाने के लिए वीडियो अपलोड करने के आरोप में बिहार के रहने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रही इस घटना का संज्ञान लिया।

### खराब मौसम के कारण मणिपुर के स्कूल-कॉलेज बंद

**इंफाल (भाषा)।** खराब मौसम की वजह से मणिपुर में सभी स्कूल और कॉलेज सात मई तक बंद रहेंगे। राज्य सरकार ने सोमवार को यह घोषणा की। एक अधिकारी ने कहा कि रविवार को राज्य में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई जिसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। इस वजह से इंफाल पश्चिम जिले के कांचीपुर और तेरा तथा थौबल जिले सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। शिक्षा निदेशालय ने रविवार देर रात एक आदेश जारी किया।

### फ्रांस में चीन के राष्ट्रपति शी का विरोध, काफिले के रास्ते पर 'आजाद तिब्बत' के बैनर टांगे, दो गिरफ्तार



**पेरिस।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग 2 दिन के फ्रांस दौरे पर हैं। इस दौरान सोमवार को पेरिस में तिब्बतियों ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए। तिब्बत की आजादी की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के काफिले को 'फ्री तिब्बत' के झंडे दिखाए। साथ ही उइगर मुस्लिम समुदाय ने भी चिनफिंग पर मानवाधिकार के उल्लंघन का आरोप लगाकर उनके फ्रांस दौरे का विरोध किया।

#### फ्रांस-चीन के बीच राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे



चिनफिंग फ्रांस और चीन के बीच राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे का जश्न मनाने के लिए पहुंचे। वो अपनी इस यात्रा के बाद हंगरी और सर्बिया भी जाएंगे। फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने रविवार को चिनफिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन का पेरिस एयरपोर्ट पर स्वागत किया। चिनफिंग आज यूरोपियन कमीशन की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन और मैक्रॉन के साथ रात को एलसी पैलेस में राजकीय भोज करेंगे। इसी दौरान रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने की बात होगी। चिनफिंग साफ कर चुके है कि चीन जंग में किसी एक पक्ष का समर्थन नहीं करता है।




## व्यापार की खबरें

### सेंसेक्स स्थिर, निफ्टी में मामूली गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



ऊंचे मूल्यांकन को लेकर निवेशकों में चिंता

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को सीमित दायरे में कारोबार हुआ और बीएसई सेंसेक्स लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता के बीच निवेशकों की सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार एक दायरे में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 17.39 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,895.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 33.15 अंक की गिरावट के साथ 22,442.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक पांच प्रतिशत चढ़ गया। बैंक का लाभ मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 5,302 करोड़ रुपये रहने की सूचना के बाद इसका शेयर चढ़ा।

### सोने में 230 रुपये की बढ़त, चांदी 700 रु.चढ़ी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 230 रुपये की बढ़त के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 84,300 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**ब्रिगेडियर रैंक पदोन्नति पर सीजेआई बोले**

### प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट, अवमानना मामला नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेना में ब्रिगेडियर रैंक में पदोन्नति में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सेना में अधिकारियों के प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट है। सेना के इस कदम से अदालत के अवमानन का मामला नहीं बनता है। चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने ही फैसला सुनाया है कि सेना में प्रमोशन के लिए पहले से ही बने पैनल में शामिल अधिकारियों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए लेकिन आदेश सेना की बेंचमार्किंग को रोकने के लिए नहीं है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि तुलना नहीं होगी तो योग्यताओं का विश्लेषण कैसे होगा। जबतक सेना में कार्यरत अधिकारियों की तुलना नहीं होगी, तब तक उनकी योग्यताओं का विश्लेषण नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुफेजा अहमदी ने कहा कि सेना कोर्ट ने आदेश न मानकर अवमानना कर रही है।



सेना में कार्यरत 30 से ज्यादा कर्नल रैंक की महिलाओं ने याचिका दाखिल की थी

#### वकील पर भड़के सीजेआई

सीजेआई की टिप्पणी पर याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील हुजेफा ने कहा कि अगर उनके पास एक विशेष चयन बोर्ड है तो आपके पास बिना पैनल के लोग भी हैं। बस वकील की इसी बात पर सीजेआई भड़का गए और कहा, "आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? यह कोई कर्नल का टाइमस्केल है? क्या बिना बेंचमार्किंग के यह कैसे तय किया जा सकता है।"

#### क्या है पूरा मामला?

सेना में कार्यरत 30 से ज्यादा कर्नल रैंक की महिला अधिकारियों ने याचिका दाखिल की। महिला अफसरों ने लिंग के आधार पर प्रमोशन में भेदभाव की शिकायत की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25